भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1956 का उत्तर

बक्सर, डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त आरक्षण काउंटर

1956. श्री सुधाकर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बक्सर, डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या के बावजूद, स्टेशनों पर केवल एक या दो आरक्षण काउंटर ही काम कर रहे हैं, जिसके कारण विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आम यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं और छात्रों को टिकट बुक करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इन स्टेशनों पर अतिरिक्त आरक्षण काउंटर स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ग) यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्रवाई किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो यात्री भार में निरंतर वृद्धि के बावजूद इन स्टेशन क्षेत्रों में सुविधा का विस्तार नहीं करने के क्या कारण हैं

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): हाल ही में भारतीय रेल द्वारा रेलवन ऐप लॉन्च किया है, जिससे यात्री अपने मोबाइल फ़ोन पर आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। इससे यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) की सुविधा यात्रियों की हथेली पर उपलब्ध है। रेलवन ऐप में उन्नत सुरक्षा और निजता पूर्वोपाय मौजूद हैं।

इस ऐप में भारतीय रेल की आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट, रेलगाड़ी पूछताछ, पीएनआर पूछताछ, रेलमदद आदि जैसी लोक उन्मुख सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत की गई है। उपयोगकर्ता एकल लॉगिन द्वारा एकीकृत विधि से इन सभी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। रेलवन ऐप को एंड्रॉयड प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है और इसका पंजीकरण उपयोगकर्ता अनुकूल है।

बक्सर, डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा रेलवे स्टेशनों के यात्री ऑनलाइन आरक्षित टिकट बुक करने के लिए रेलवन ऐप या इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन की वेबसाइट का पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपयोग कर सकते हैं। इस समय लगभग 88% आरक्षित टिकट ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान में बक्सर में 3 आरक्षण काउंटर हैं जबकि डुमरांव और रघुनाथपुर में, प्रत्येक स्थान पर दोनों पालियों में एक-एक काउंटर कार्यरत है। इन स्थानों पर संभाले गए आरक्षण संबंधित संव्यवहार के विश्लेषण से पता चला है कि मौजूदा व्यवस्थाएं वहां संभाले जाने वाले यातायात के स्तर को पूरा करने के लिए पर्याप्त संख्या से अधिक हैं। चौसा रेलवे स्टेशन के यात्री ऑनलाइन बुकिंग के अलावा बक्सर रेलवे स्टेशन के यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से भी अपने टिकट बुक कर सकते हैं।

******